समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# केद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से मिले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान के युवाओं के लिए कौशल, रोजगार और खेल के नए अवसरों पर हुई चर्चा

राजेश चौधरी

Published on 06 Aug 2026



राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजन लाल शर्मा** ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री **मनसुख मंडाविया** से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राजस्थान के युवाओं के लिए कौशल विकास, रोजगार, नवाचार और खेल क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में प्रदेश में खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा देने, खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं का विस्तार करने तथा **'MY Bharat'** पहल के माध्यम से युवाओं की नेतृत्व क्षमता और जनभागीदारी को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

युवाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल, रोजगार और खेल के क्षेत्र में अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से राजस्थान के युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी** के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार युवाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान में कौशल विकास, रोजगार सृजन, खेल अवसंरचना और युवा नेतृत्व को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.